**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 31-05-2022**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-05-31 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2022-06-01 | 2022-06-02 | 2022-06-03 | 2022-06-04 | 2022-06-05 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 38.0 | 38.0 | 39.0 | 39.0 | 38.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 26.0 | 26.0 | 26.0 | 25.0 | 25.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 65 | 65 | 65 | 60 | 60 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 8.0 | 8.0 | 8.0 | 8.0 | 8.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 130 | 45 | 230 | 230 | 230 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों ( 24- 30 मई , 2022) में 28.9 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा तथा कहीं-कहीं बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 27.0 से 36.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 20.4 से 26.2 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 69 से 81 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 30 से 62 प्रतिशत एवं हवा 1.9 से 10.7 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम, पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम, पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 38.0 से 39.0 व 25.0 से 26.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 8.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पूर्व, दक्षिण-पूर्व व दक्षिण-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 05 से 11 जून के दौरान राज्य में वर्षा समान्य से कम, अधिकतम व न्यूनतम तापमान समान्य रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं ओं और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि ऊधम सिंह नगर जिले के लिए एनडीवीआई 0.15-0.35 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से ऊधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। सूर्य की तीव्र या तेज किरणो से फल पेड़ो के तने पर बचाव के लिए पेड़ के तनो पर नीला थोता मिश्रित चूने का ( नीला थोता 1 किग्रा, चूना 30 किग्रा, आधा लीटर अलसी का तेल 100 ली0 पानी में मिलाकर) प्रयोग करे।

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी पांच दिनों में, मौसम शुष्क रहेगा। किसान भाई फसलों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| चावल | (1) जून के महीने में धान की नर्सरी डालते है। किसान भाई, मैदानी क्षेत्रों में मध्यम अवधि में पकने वाली धान की किस्मों - नरेन्द्र 359, पंत धान-4, पी आर 113, एच के आर 47 आदि की पौधशाला/ नर्सरी 10 जून तक अवश्य डाल दें। (2) धान की सीधी विधि से बुवाई जून माह के प्रथम पखवाड़े में कर सकते है। इसके लिए धान की मध्यम अवधि की प्रजातियों का चुनाव करें। बीज दर 60-70 किग्रा/हैक्टेर रखें तथा बीज की बुवाई 18-22 सेमी की दूरी पर कतारों में करें। बुवाई के 2 दिन के अंदर पेन्डीमिथलीन 1.0 किग्रा सक्रिय अवयव प्रति हैक्टर डाले। इस विधि में रोपाई की लागत बचती है, 20 प्रतिशत पानी की बचत होती है तथा फसल 7-10 दिन पहले पक कर तैयार हो जाती है। |
| मक्का | मक्का की बुवाई का सर्वोत्तम समय जून माह का प्रथम पखवाड़ा है। मक्का की सुकुल प्रजातियों जैसे- तरुण, नवीन, किरण, नवजोत, प्रताप मक्का-1, पूसा संकुल 3 तथा 4 की बुवाई करें। बीज दर 18-20 किग्रा/हैक्टर रखें तथा बुवाई 60-75 सेमी की दूरी पर करें। जमने के पश्चात् पौधे से पौधे की दूरी 20-25 सेमी विरलीकरण द्वारा कर दें। |
| अरहर (लाल चना/ अरहर) | जून माह में अरहर की अगेती किस्मों जैसे- यू.पी.ए.एम. 120, पंत अरहर 291 की बुवाई माह के मध्य तक कर सकते है। |
| गन्ना | गन्ना में काले बग का प्रकोप हो तो फेन्थेएट 50 ई0सी0 के 1लीटर /हैक्टेयर या मोनोक्रोटोफास 36 एस0एल0 के 750 मिली या क्यूनालफास 25 ई0सी0 के 2 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| राजमा/ लोबिया | फलियों की तुड़ाई के बाद फसल को खेत में पलट दें ताकि ये खेत में हरी खाद का काम करें। |
| बैंगन | बैंगन में तना एवं फल बेधक के नियंत्रण हेतु इमामेक्टिन बेंजोएट 5 एस0जी0 200ग्रा0/है0, साइपरमैथ्रिन 25इसी 200मि0ली0/है0, लैम्डा साइहैलोथ्रिन 5 सी0एस0 300मि0ली0/है0 की दर से अन्तिम छिड़काव के पाँच दिन बाद फल का उपयोग करे। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। |
| टमाटर | टमाटर में फल बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रानिलिप्रोले 18.5 एस0सी0, 150मि0ली0/है0 के छिड़काव के तीन दिन बाद या इन्डोक्साकार्ज 14.5 एस0सी0, 500मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद ही फल का उपयोग करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। |
| कद्दू | कद्दू वर्गीय सब्जियो में पत्तियॉ यदि चितकबरी दिख रही हो या मुड़ रही हो तो ऐसे पौधो को निकाल नष्ट करे एवं रस चूसने वाले कीड़ो से बचाव हेतू सर्वांगी कीटनाशी का छिड़काव करे। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | दो से चार माह के उम्र के पशुओं को लंगड़ी बुखार का टीकाकरण करवाना चाहिए। दो माह की उम्र के बछड़ों/ बछियों को पीपराजीन नामक कृमिनाशक दवाई जरुर पिलायें। |

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | दो से चार माह के उम्र के पशुओं को लंगड़ी बुखार का टीकाकरण करवाना चाहिए। सायनाइड ग्रस्त चारा खाए हुए पशु को पानी नही पिलाना चाहिए तथा चारागाहो में चराने ले गये पशुओ को कम बढ़ी हुई ज्वार, बाजरा, चरी की फसल न खाने दे। छोटे मुर्झाये हुए पीले व सुखकर ऐठे हुए पौधो को चारे के रूप में उपयोग नही करे। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मिट्टी परीक्षण | रबी फसलो की कटाई के बाद खाली खेत से मृदा नमूना 10-15 विभिन्न स्थानो से लेना चाहिए। मिट्टी का नमूना 20 सेमी तक की गहराई से लेना चाहिए। |